बीकानेर नगर निगम चुनाव वार्डों का आरक्षण तय, अब दावेदारों की नजर टिकट पर

बीकानेर, (कासं)। नगर निगम चुनाव 2026 को लेकर बीकानेर में वार्ड आरक्षण की तस्वीर अब साफ हो गई है। जिला प्रशासन की ओर से 17 अगस्त को नगर निगम के 80 वार्डों के लिए आरक्षण निर्धारण की प्रक्रिया पूरी की गई। आरक्षण तय होने के साथ ही पार्षद पद के दावेदारों की चुनावी तैयारियों को भी नई दिशा मिल गई है।

जिला कलेक्टर निशांत जैन के निर्देशन में हुई प्रक्रिया में अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और महिलाओं सहित विभिन्न श्रेणियों के लिए वार्डों का आरक्षण निर्धारित किया गया। बीकानेर नगर निगम में कुल 80 वार्ड हैं। नगर निगम के 9 वार्ड अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित किए गए हैं। इनका निर्धारण 2011 की जनगणना में वार्डवार अनुसूचित जाति की आबादी के प्रतिशत के आधार पर किया गया है। सबसे अधिक आबादी वाले वार्ड को प्राथमिकता देते हुए घटते क्रम में 9 वार्ड चिन्हित किए गए। अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित वार्डों में वार्ड 9, 77, 71, 33, 4, 45, 48, 16 और 5 शामिल हैं।

इनमें वार्ड 9 में अनुसूचित जाति की आबादी 65.98 प्रतिशत है, जो सभी वार्डों में सर्वाधिक है। इसके बाद वार्ड 77 में 40.14 प्रतिशत, वार्ड 71 में 37.50 प्रतिशत और वार्ड 33 में 36.19 प्रतिशत एससी आबादी दर्ज की गई है। आरक्षण के लिए चिन्हित वार्डों में वार्ड 9 सबसे ऊपर रहा। यहां कुल 8433 की आबादी में 5564 लोग अनुसूचित जाति वर्ग से हैं।

इसके बाद वार्ड 77 में 7538 की कुल आबादी में 3026 एससी आबादी है। वार्ड 71 में 8767 में से 3288 और वार्ड 33 में 8015 में से 2901 आबादी अनुसूचित जाति की है। नगर निगम के बाकी वार्डों में अन्य पिछड़ा वर्ग, सामान्य वर्ग और महिला आरक्षण का निर्धारण भी किया गया है। उपलब्ध आरक्षण विवरण के अनुसार नगर निगम में 16 वार्ड तथा सामान्य वर्ग के 55 वार्ड निर्धारित किए गए हैं। संबंधित श्रेणियों में महिला आरक्षण भी लागू किया गया है।

इस आरक्षण के बाद कई वार्डों में लम्बे समय से चुनाव की तैयारी कर रहे संभावित प्रत्याशियों का समीकरण बदल गया है। अब दावेदार अपने वार्ड की नई आरक्षण श्रेणी के अनुसार चुनावी रणनीति बनाने में जुटेंगे। जिला प्रशासन के कार्यवाही प्रतिवेदन के अनुसार नगर निगम बीकानेर के सभी 80 वार्ड पुनर्गठन और पुनर्सीमांकन

- **बीकानेर नगर निगम में कुल 80 वार्ड हैं। नगर निगम के 9 वार्ड अनुसूचित जाति के लिए, 16 वार्ड अन्य तथा सामान्य वर्ग के 55 वार्ड निर्धारित किए गए हैं**

की प्रक्रिया में शामिल किए गए हैं। वार्डों की आंतरिक सीमाओं में परिवर्तन होने के कारण सभी वर्गों में आरक्षण की प्रक्रिया नए सिरे से संपादित की गई। राजस्थान में 17 अगस्त को विभिन्न नगरीय निकायों के वार्डों के आरक्षण की लॉटरी प्रक्रिया आयोजित की गई, जिससे आगामी निकाय चुनावों के लिए वार्डवार चुनावी तस्वीर स्पष्ट हो रही है।

बीकानेर नगर निगम सहित नोखा, श्रीडूंगरगढ़, कोलायत, नापासर, लूणकरनसर और खाजूवाला नगर पालिका क्षेत्रों के पार्षदों के आरक्षण के लिए लॉटरी सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला कलेक्टर निशांत जैन के निर्देशन और मौजूदगी मे निकाली गई। इस दौरान श्रीडूंगरगढ़ विधायक ताराचंद सारस्वत, बीकानेर पश्चिम विधायकजेठानंद व्यास, श्याम पंचारिया, श्रीमती सुमन छाजेड़, पूर्व विधायक मंगलाराम गोदारा, मदन मेघवाल, प्रहलाद मार्शल सहित अनेक लोग मौजूद रहे। उप जिला निर्वाचन अधिकारी उम्मेद सिंह रतनू ने लॉटरी प्रक्रिया की जानकारी दी। दो नन्हीं बच्चियों परिधि और युवानी पडिहार ने यह लॉटरी निकाली।

श्रीगंगानगर में 11 निकायों के 345 वार्डों का आरक्षण तय : श्रीगंगानगर जिले के 11 निकायों के कुल 345 वार्डों की आरक्षण स्थिति साफ हो गई है। इनमें एससी के 96, एसटी के 6 और ओबीसी के 55 वार्ड आरक्षित किए गए हैं। जबकि 188 वार्ड अनारक्षित रखे गए हैं। आरक्षण में एसटी महिला के 32 और ओबीसी महिला के 18 वार्ड शामिल हैं। जबकि एसटी में महिला के लिए कोई वार्ड आरक्षित नहीं है। वहीं अनारक्षित वर्ग में 60 वार्ड महिलाओं के लिए रखे गए हैं। यानी जिले के 11 निकायों में कुल 110 वार्ड महिलाओं के लिए आरक्षित हुए हैं।

इनमें श्रीगंगानगर नगर परिषद के 65, सूरतगढ़ के 45, रायसिंहनगर के 35, गजसिंहपुर के 20, केसरीसिंहपुर के 20, श्रीकरणपुर के 25, अनूपगढ़ के 35, श्रीविजयनगर के 25, सादुलशहर के 25, पदमपुर के 25 और घड़साना के 25 वार्ड शामिल हैं। सबसे ज्यादा 11-11 वार्ड श्रीगंगानगर और रायसिंहनगर में, जबकि 1-1 वार्ड वाले 6 निकाय हैं। श्रीगंगानगर निकायों और जिला परिषद प्रमुखों की लॉटरी 13 अगस्त को निकाली गई। इस बार श्रीगंगानगर में मेयर पद आरक्षित नहीं रखा गया है। यानी किसी भी वर्ग का व्यक्ति मेयर बन सकता है। लॉटरी की शुरूआत श्रीगंगानगर नगर परिषद के वार्डों से हुई।

कलेक्टर डॉ. अमित यादव, एडीएम प्रशासन सुभाष कुमार सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। राजनीतिक दलों से भाजपा के मधुसूदन बिहाणी और माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद राय टाक भी मौजूद थे।

लॉटरी के शुरूआती दौर में ही दिग्गजों की विकटें गिरनी शुरू हो गई। जैसे-जैसे विकटें गिरती रही, उनके चेहरों की हवाईयां उड़ने लगी। अब ये नेता दूसरे वार्डों में जाकर पार्टी टिकट हासिल करने या निर्दलीय रूप से मैदान में उतरने की रणनीति पर काम करेंगे।

महिला टीचर के घर से लाखों के जेवर चोरी

नोखा, (कासं)। नोखा में एक सरकारी महिला टीचर के घर से लाखों रूपए के सोने-चांदी के गहने और नकदी चोरी हो गई। चोरों ने आलमारी का लॉकर तोड़कर वारदात को अंजाम दिया। सुबह जब शिक्षिका ने अपनी आलमारी खोली तो पता चला।

घटटू निवासी शारदा बिश्नोई ने नोखा थाने में इस संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि वह सरकारी शिक्षिका है और पिछले तीन वर्षों से जोरावरपुरा स्कूल के पास नोखा मंडी में किराये के मकान में रहती है। उनका एक पुत्र राजवीर नोखा में पढ़ाई करता है। शारदा बिश्नोई के अनुसार वह स्कूल जाते समय अपने मकान की चाबी पोर्च में रखती थी। क्योंकि उनका पुत्र राजवीर स्कूल से उनसे पहले घर आता है। सुबह करीब 6 बजे जब वह तैयार होने के लिए अपनी आलमारी खोली तो देखा कि आलमारी का लॉकर टूटा हुआ था।

शक होने पर आलमारी में अपना सामान संभाला। जांच करने पर पता चला कि आलमारी से करीब साढ़े तीन भरी का एक सोने का मादलिया सेट, एक भरी का सोने का झूमरा सेट, एक कानों की सोने की लटकन सेट, दो सोने की बिंदी, एक सोने का मंगलसूत्र, एक जोड़ी कानों के लूंग, दो जोड़ी चांदी की पायजेब और करीब तीस हजार रूपए नकद गायब थे।

सार-समाचार

'लाभार्थी को पीएम आवास निर्माण की किश्तें समय पर मिलें'

बीकानेर, (कासं)। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) कार्यशाला का आयोजन सोमवार को पंचायत समिति सभागार में हुआ। समारोह में जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी शैलजा पांडे तथा श्याम पंचारिया अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस अवसर पर विभिन्न ग्राम पंचायतों के दस लाभार्थियों को प्रतीकात्मक रूप से नवनिर्मित प्रधानमंत्री आवासों की चाबी सौंपी गई। वहीं पंचायत समिति परिसर में बनने वाले प्रोपोटाइप आवास का शिलान्यास किया गया। श्याम पंचारिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के विकास के साथ निजी लाभ के कार्य भी करवाए जा रहे हैं। आज गांव-गांव विकास के पथ पर बढ़ गए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार भी मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में ग्रामीण विकास के प्रति संकल्पबद्ध है। जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के सभी लाभार्थियों को सयमबद्ध लाभ दिया जाए। प्रत्येक लाभार्थी को आवास निर्माण की किश्तें निर्धारित समय पर मिलें। वीबी-जीराम के तहत 90 दिन का रोजगार और पात्र लाभार्थियों को शौचालय की राशि भी समय पर दी जाए। विकास अधिकारी दिनेश मिश्रा ने कार्यशाला के उद्देश्यों के बारे में बताया। इस दौरान अधिशाषी अभियंता रामेश्वर बेनीवाल, दिलीप सिंह आडसर सहित विभिन्न क्षेत्रों के ग्रामीण मौजूद रहे। इस दौरान अतिथियों ने पौधारोपण भी किया।

सेंगाल धोरा में मेला भरा, श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा

कक्कू, (कासं)। श्रावण मास के तीसरे सोमवार को कक्कू क्षेत्र के प्रसिद्ध सेंगाल धोरा में विशाल मेला लगा। सुबह 4 बजे से ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया। पीठाधीश्वर परमेश्वर गिरि ने बताया कि मान्यता है कि सतयुग में भगवान परशुराम द्वारा स्थापित मनकामेश्वर महादेव श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। श्रावण मास में भगवान शिव का श्रद्धालुओं ने दूध, दही, घी, शहद और पंचामृत से अभिषेक कर सुख-समृद्धि की कामना की। श्रीकोलायत से कांवड़ लेकर एक पदयात्रा संघ सेंगाल धोरा पहुंचा। इन कांवडियों ने कपिल सरोवर से जल भरकर बोल बम और हर-हर महादेव के जयघोष के साथ मनकामेश्वर महादेव का जलाभिषेक किया। मंदिर परिसर में वेदपाठी पंडितों और बटुकों ने गंगाजल से रूद्राभिषेक किया और 1008 बिल्वपत्रों से सहस्त्रार्चन पूजन संपन्न किया। बड़ी संख्या में शिवभक्त सेंगाल धोरा में वन भोजन के लिए भी पहुंचे। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव को प्रसाद चढ़ाया और अपने परिवार के साथ प्राकृतिक वातावरण में वनभोजन का आनंद लिया। मेले में प्रसादी, फल और खिलौनों सहित विभिन्न प्रकार की दुकानें सजी थी। दिनभर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पांचू पुलिस प्रशासन की टीम मौके पर तैनात रही। इस अवसर पर कक्कू के पूर्व सरपंच रेवन्त राम राहड़, पंचायत समिति प्रतिनिधि हिम्मताराम राहड़, पांचू सरपंच रामचंद्र सियाग सहित कई जनप्रतिनिधि और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

नक्षत्र पार्क में कैलाश पर्वत-नवग्रह निर्माण का भूमि पूजन

सूरतगढ़, (कासं)। यहां प्रसिद्ध श्रीहनुमान खेजड़ी मंदिर धाम स्थित नक्षत्र पार्क में सोमवार को कैलाश पर्वत और नवग्रह निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर श्रीहनुमान खेजड़ी प्रबंध समिति के पदाधिकारियों, सदस्यों और सेवादारों ने भाग लिया। भूमि पूजन कार्यक्रम में मंदिर समिति के अध्यक्ष नरेन्द्र राठी, महासचिव मदन ओझा, उपाध्यक्ष रतन लाल सोनी व सुशील गुप्ता, सचिव श्रीकांत सारस्वत और कोषाध्यक्ष जगदीश प्रसाद वशिष्ठ सहित कई सेवादार उपस्थित रहे। मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित हनुमान प्रसाद शर्मा ने पंडित शंकर लाल शर्मा, पंडित कमल शर्मा और पंडित राजपाल शर्मा के साथ मिलकर विधिवत पूजा संपन्न कराई।

लूणकरनसर पालिका में एससी को 6, ओबीसी को 7 व सामान्य को 22 वार्ड मिले

लूणकरनसर, (कासं)। लूणकरनसर नगर पालिका में अध्यक्ष पद के ओबीसी आरक्षण के बाद अब वार्डों का आरक्षण भी तय हो गया है। सोमवार को जिला मुख्यालय पर 35 वार्डों के लिए लॉटरी निकाली गई।

कुल 35 वार्डों में से अनुसूचित वर्ग के लिए 6 वार्ड, अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 7 वार्ड और सामान्य वर्ग के लिए 22 वार्ड आरक्षित किए गए हैं। अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए कोई वार्ड आरक्षित नहीं किया गया है। जारी सूची के अनुसार वार्ड 01 एससी, वार्ड 02 एससी महिला, वार्ड 03 सामान्य, वार्ड 04 सामान्य, वार्ड 05 सामान्य, वार्ड 06 ओबीसी, वार्ड 07 सामान्य, वार्ड 08 सामान्य, वार्ड 09 सामान्य महिला, वार्ड 10 सामान्य, वार्ड 11 सामान्य, वार्ड 12 सामान्य महिला, वार्ड 13 ओबीसी, वार्ड 14 सामान्य, वार्ड 15 ओबीसी, वार्ड 16 एससी, वार्ड 17 सामान्य, वार्ड 18 सामान्य, वार्ड 19 सामान्य, वार्ड 20 एससी, वार्ड 21 सामान्य महिला, वार्ड 22 सामान्य, वार्ड 23 एससी, वार्ड 24 सामान्य महिला, वार्ड 25 ओबीसी, वार्ड 26 सामान्य, वार्ड 27 सामान्य, वार्ड 28 सामान्य महिला, वार्ड 29 ओबीसी महिला, वार्ड 30 एससी महिला, वार्ड 31 ओबीसी महिला, वार्ड 32 सामान्य महिला, वार्ड 33 सामान्य, वार्ड 34 ओबीसी और वार्ड 35 सामान्य महिला के लिए आरक्षित किए गए हैं।

- **लूणकरनसर नगर पालिका के 35 वार्डों की लॉटरी निकाली**
- **संभावित उम्मीदवारों ने अपनी चुनावी तैयारियां तेज कर दी हैं**

वार्ड आरक्षण की सूची सामने आने के बाद नगर पालिका चुनाव में संभावित पार्षद प्रत्याशियों की दावेदारी अब स्पष्ट हो गई है। आरक्षित वार्डों के अनुसार विभिन्न राजनीतिक दलों और संभावित उम्मीदवारों ने अपनी चुनावी तैयारियां तेज कर दी हैं।

वहीं नापासर नगर पालिका के 25 वार्डों की आरक्षण लॉटरी सोमवार को बीकानेर जिला कलेक्टर कार्यालय में निकाली गई। यह प्रक्रिया जिला कलेक्टर की मौजूदगी में संपन्न हुई। नापासर में अध्यक्ष पद पहले ही एससी महिला के लिए आरक्षित किया जा चुका है।

वार्ड आरक्षण के तहत अनुसूचित जाति (एससी) वर्ग के लिए वार्ड नंबर 7, 6, 3 और 4 आरक्षित किए गए हैं। एससी महिला के लिए वार्ड नंबर 8 और 15 आरक्षित हुए। अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए वार्ड नंबर 22, 1, 9, 24 और 20 आरक्षित किए गए। ओबीसी महिला के लिए वार्ड नंबर 1 और 22 आरक्षित हुए हैं।

सामान्य महिला वर्ग के लिए वार्ड नंबर 14, 2, 18, 17 और 11 आरक्षित किए गए। सामान्य वर्ग के लिए वार्ड नंबर 12, 23, 5, 25, 16, 13, 10, 21 और 19 आरक्षित हुए। इस आरक्षण लॉटरी के बाद नापासर में चुनावी दावेदारों और राजनीतिक दलों की सक्रियता बढ़ गई है।

लटके बिजली तारों के करंट से ऊंट घायल

पूगल, (कासं)। पूगल क्षेत्र के 14 एडी गांव में बिजली विभाग की लापरवाही सामने आई है। सोमवार दोपहर को गांव में बिजली के खंभों पर लटके ढीले तारों की चपेट में आने से एक ऊंट को करंट लग गया, जिससे वह घायल हो गया। इस घटना के बाद ग्रामीणों में विद्युत विभाग के प्रति गहरा रोष है।

गांव के तीर्थ सिंह सोढ़ा, महेश सिंह सोढ़ा, सरूप सिंह, भगवान सिंह भाटी और किशन सिंह सोढ़ा सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि गांव में कई स्थानों पर बिजली के तार लम्बे समय से ढीले होकर लटक रहे हैं। इन ढीले तारों के कारण पशुओं के साथ-साथ ग्रामीणों के लिए भी हादसे का खतरा बना हुआ है।

ग्रामीणों का आरोप है कि उन्होंने इस समस्या के बारे में विद्युत विभाग के अधिकारियों को कई बार अवगत कराया है। इसके बावजूद ढीले तारों को ठीक करने के लिए कोई कदम नहीं उठाया गया है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते विद्युत लाइनों को दुरूस्त नहीं किया गया तो भविष्य में कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

दो महीने से फरार हत्या का आरोपी गिरफ्तार

बीकानेर, (कासं)। जिले के जसरासर थाना पुलिस ने युवक की मौत के मामले में 2 महीने 10 दिन से फरार चल रहे आरोपी राजेश को गिरफ्तार किया। आरोपी पर युवक को धोखे से बुलाकर बांधने और लाठी, सरिए व बेल्ट से मारपीट करने का आरोप है। गंभीर घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई थी।

पुलिस ने राजेश को थाना स्तर पर टॉप-10 वांछित अपराधियों में चिन्हित कर रखा था। आरोपी से अब घटना में उसकी भूमिका और फरारी के दौरान ठिकानों को लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस के अनुसार 6 जून 2026 को जसरासर निवासी राजेन्द्र प्रसाद ने रिपोर्ट दी थी। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने उनके बेटे को

- **एक युवक को धोखे से बुलाकर लाठी-सरिए से पीटा था, इलाज के दौरान मौत हो गई थी**

धोखे से बुलाया और बांधकर लाठी, सरिए व बेल्ट से मारपीट की।

मारपीट में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसका इलाज चल रहा था, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मामला दर्ज होने के बाद जसरासर थाना पुलिस ने जांच शुरू की। इस मामले में पुलिस पहले ही 8 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज चुकी है।

सरकारी स्कूलों में मीडिया की एंट्री बैन

बीकानेर, (कासं)। बीकानेर में सरकारी स्कूलों में मीडिया के एंट्री पर पाबंदी लगा दी गई है। शिक्षा विभाग ने स्कूलों के परिसरों में बाहरी व्यक्तियों के प्रवेश को नियंत्रित करने के लिए यह निर्देश जारी किए हैं। इसके तहत स्टूडेंट्स की फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी, इंटरव्यू, ऑडियो रिकॉर्डिंग और लाइव स्ट्रीमिंग नहीं की जायेगी। स्कूल प्रिंसिपल की अनुमति के बाद ही स्कूल में प्रवेश मिल सकेगा। साथ ही रजिस्टर में एंट्री करना भी अनिवार्य किया गया है। माध्यमिक शिक्षा निदेशक ललित कुमार की ओर से जारी आदेश के अनुसार प्रिंसिपल और संस्था प्रधान की पूर्व अनुमति के बिना किसी भी बाहरी व्यक्ति को स्कूल परिसर में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी।

पटवारी ने स्कूल को वाटर कूलर भेंट किया

सूरतगढ़, (कासं)। सूरतगढ़ उपखंड के घमण्डिया क्षेत्र स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल में राजस्व पटवारी सोनू सहारण ने विद्यार्थियों की सुविधा के लिए करीब 85 हजार रूपए की लागत का वाटर कूलर और फर्नीचर भेंट किया।

- **300 विद्यार्थियों को मिलेगा शुद्ध पेयजल और बेहतर सुविधा**

सोमवार को किए गए इस सहयोग से स्कूल में अध्ययनरत करीब 300 विद्यार्थियों को अब शुद्ध और ठंडा पेयजल उपलब्ध होगा। इसके साथ ही 11 मेज और स्टूल मिलने से विद्यार्थियों की अध्ययन व्यवस्था भी बेहतर होगी। स्कूल के प्रिंसिपल स्वर्ण सिंह बजरोत ने बताया कि पटवारी सोनू सहारण को इस पुनीत कार्य के लिए पंचायत शिक्षक संतकुमार गोदारा और राजेन्द्र पूनिया ने प्रेरित किया।

सोनू सहारण पूर्व में शिक्षक संतकुमार गोदारा से शिक्षा प्राप्त कर चुके हैं। गुरू से मिले संस्कारों और समाज के प्रति जिम्मेदारी की भावना से प्रेरित होकर उन्होंने स्कूल के लिए यह सहयोग किया। प्रिंसिपल ने बताया कि स्कूल को जब भी किसी भामाशाह के सहयोग की जरूरत होती है तो सोनू सहारण और उनका परिवार हमेशा आगे रहता है। गुप्त दान से लेकर स्कूल की आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने तक उनका सहयोग लगातार मिलता रहा है।

पौधारोपण से पुष्करणा दिवस का आगाज

बीकानेर, (कासं)। द पुष्करणाज फाउंडेशन के द्वारा सोमवार को कार्यालय में पुष्करणा दिवस को लेकर हुई बैठक में पुष्करणा दिवस के उपलक्ष में विभिन्न कार्यक्रम को लेकर विचार विमर्श किया गया।

पुष्करणाज फाउंडेशन के मोहित पुरोहित ने बताया कि निबंध प्रतियोगिता जिसका शीर्षक कला एवं संस्कृति व खेल और संस्था का समाज के प्रति दायित्व रहेगा। साथ ही वृक्षारोपण (खेजड़ी) और खेल सेमिनार के साथ शिक्षाविद और पंच परमेश्वर एवं बीकानेर प्रवासी का सम्मान एवं कला संस्कृति खेल सेमिनार कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। 24 अगस्त को पुष्करणा दिवस कार्यक्रम का आगाज वृक्षारोपण अभियान से किया जायेगा जो कि महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय के पास 1 कोस वाली प्याऊ शिव मंदिर के पास पौधारोपण किया जायेगा।

अनशनकारी छात्रों की तबीयत बिगड़ी

बीकानेर, (कासं)। छात्रसंघ चुनाव बहाल करने की मांग को लेकर एनएसयूआई जिलाध्यक्ष श्रीकृष्ण गोदारा के नेतृत्व में चल रहा आमरण अनशन चौथे दिन भी जारी रहा।

अनशन के दौरान श्रीकृष्ण गोदारा सहित उनके साथी अभिमन्यु जाखड़, रामनिवास चौधरी और सोनू जोशी की तबीयत बहुत ज्यादा बिगड़ने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसके बावजूद उन्होंने लोकतांत्रिक अधिकारों की आवाज बुलंद करते हुए अस्पताल में भी अनशन जारी रखा। लेकिन देर रात्रि को नोखा विधायक सुशीला रामेश्वर डूडी और देहात अध्यक्ष बिशनाराम सियाग ने डॉक्टरों की सलाह के बाद आंदोलनकारियों की तबीयत ज्यादा बिगड़ती देख अस्पताल में भर्ती श्रीकृष्ण गोदारा सहित भर्ती आंदोलनकारियों को ज्यूस पिलाकर अनशन समाप्त करवाया। लेकिन चारों

- **छात्रसंघ चुनाव बहाली की मांग, अस्पताल में भर्ती आंदोलनकारियों की तबीयत ज्यादा बिगड़ने पर अनशन खत्म कराया**

छात्रनेता अभी भी अस्पताल में भर्ती हैं।

कांग्रेस देहात अध्यक्ष बिशनाराम सियाग ने भाजपा सरकार पर छात्रों की मांगों को लेकर हठधर्मिता बरतने का आरोप लगाते हुए कहा कि छात्रों के लोकतांत्रिक अधिकारों की इस लड़ाई में कांग्रेस उनके साथ मजबूती से खड़ी है। उन्होंने आंदोलनरत छात्रों को भरोसा दिलाया कि उनके संघर्ष में हरसंभव सहयोग किया जायेगा और छात्रसंघ चुनाव बहाली की मांग को उचित मंच पर मजबूती से उठाया जायेगा। नोखा विधायक सुशीला रामेश्वर डूडी ने कहा कि छात्रसंघ चुनाव बहाली छात्रों की वाजिब और लोकतांत्रिक मांग है। उन्होंने आंदोलनरत छात्रों को भरोसा दिलाया कि उनकी मांग को विधानसभा के पटल पर मजबूती से उठाया जायेगा तथा सरकार के समक्ष प्रभावी तरीके से पैरवी की जायेगी। उन्होंने कहा कि छात्रों के अधिकारों की इस लड़ाई में वे उनके साथ हैं और उनकी मांगों को मनवाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जायेंगे।

जिला संगठन महासचिव प्रहलाद सिंह मार्शल ने बताया कि इस अवसर पर शहर अध्यक्ष मदनगोपाल मेघवाल, प्रदेश महासचिव डॉ राजेन्द्र मूंड, अल्पसंख्यक विभाग के जिलाध्यक्ष सत्तू खान, संगठन महासचिव रमजान कच्छावा, राजेश गोदारा मौजूद थे।

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई-निविदा सूचना

मंडल रेल प्रबंधक उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर भारत के राष्ट्रपति की ओर से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्य के लिए **दिनांक 01.09.2026 को 15.00 बजे** तक खुली ई-निविदा आमंत्रित करते है:- **निविदा संख्या:** 139। **कार्य का नाम व स्थान:** सहायक मंडल इंजीनियर, हनुमानगढ़-द्वितीय के अधीन रायसिंहनगर में दो लिफ्ट (प्लेटफार्म नं. 1 व 2 पर) के प्रावधान के संबंध में सिविल इंजीनियरिंग कार्य करना। **अनुमानित लागत मूल्य:** Rs. 4623964.62। **धरोहर राशि:** Rs. 92500.00। **नोट:**- अन्य शर्तें रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। **1196-MG/26**

हमें फॉलो करें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई-निविदा सूचना

वरि. मंडल बिजली इंजीनियर / टीआरडी, उ. प. रेलवे बीकानेर, भारत के राष्ट्रपति के वास्ते व उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं। 1. सम्पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाइट का पता: http://www.ireps.gov.in। 2. ई-निविदाएं बंद होने की तिथि व समय: 09.09.2026 को 15:00 बजे तक। 3. ई-निविदाएं खोलने की तिथि व समय: 09.09.2026 को 15.00 बजे के बाद। **Tender Notice No.:** 02-TRD-BKN-ETender-2026-27. **Name of work:** TRD modification work in c/w Provision of New TMC sidings along with facilities - 29 Nos. over Bikaner Division. **Approx Cost of the work:** 3,80,51,116.00. **EMD/SD (Rupees):** 7,61,100.00. **1195-MG/26**

हमें फॉलो करें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें